भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1417

गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में स्वदेश दर्शन स्कीम परियोजनाओं की स्थिति

1417. डा. वी. शिवादासनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत कन्नूर तीर्थ पर्यटन सर्किट को शामिल करने के लिए केरल सरकार द्वारा प्रेषित अनुरोध के संबंध में क्या प्रगति हुई है;

(ख) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत केरल में मलंकारा और इड्डुक्की बांधों के उप नगरों के विकास की प्रक्रिया में क्या प्रगति हुई है;

(ग) क्या सरकार ने केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत आध्यात्मिक सर्किट, जिसमें 133 तीर्थ स्थल शामिल हैं, के विकास कार्य को रद्द कर दिया है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल राज्य में 'कन्नूर तीर्थ पर्यटन सर्किट' परियोजना को स्वीकृत नहीं किया है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के ईको-पर्यटन परिपथ के तहत 76.55 करोड़ रुपये की राशि से ''पत्तनमथिट्टा-गावि-वागमन-थेक्कडी का विकास'' परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है जिसमें इडक्की में पर्यटन सम्बन्धी घटकों का विकास सम्मिलित है। परियोजना भौतिक रूप से पूर्ण है। योजना के तहत मलंकारा में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं है।

(ग) और (घ): जी महोदय। परियोजना को प्रशासनिक कारणों से रोक दिया गया था।

****